हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–185 : जौनपुर, शनिवार 25 मार्च 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने गिनाई उपलब्धियां

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यकाल के 01 वर्ष तथा कुल 06 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद के राज्य सभा सांसद द्वारा क्लेक्ट्रट सभागार में प्रेस वार्ता हुई।प्रेसवार्ता के दौरान जनपद के साथ साथ विधानसभाओं के विकास पर आधारित पुस्तिका का राज्य सभा सांसद ने विमोचन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यकाल को सफलतापूर्वक 01 वर्ष पूर्ण होने तथा कुल 06 वर्ष के कार्यकाल पूरे होने के शुभ अवसर पर सुशासन, विकास और रोजगार, डबल इंजन की सरकार की थीम पर जनपद के राज्य सभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश स्तर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा की गई प्रेस वार्ता का सजीव प्रसारण देखा गया। प्रदेश की 06 वर्ष की उपलब्धियों/ विकास यात्रा पर आधारित लघु फिल्म देखी गयी। इस दौरान राज्य सभा सांसद ने जनपद के साथ अन्य विधानसभा के विगत 01 वर्ष में कराए गए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों से संबंधित पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि जनपद के विभिन्न विभागों यथा महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर ,स्वच्छ भारत मिशन, आयुष विभाग , प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, पीएम स्ट्रीट वेंडर्स योजना ,नगर निकाय ,अल्पसंख्यक कल्याण ,समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत सामूहिक विवाह योजना, परिवारिक लाभ योजना, अग्रणी बैंक ,सेवायोजन के अंतर्गत रोजगार , यूपी नेडा, पशुपालन, एनआरएलएम ,खाद्य एवं रसद विभाग, स्वास्थ्य विभाग ,ओडीओपी योजना, खादी एवं ग्रामोद्योग,श्रम योगी मानधन योजना, फसल बीमा योजना ,आईसीडीएस के अंतर्गत पोषण



वाटिका , उद्यान विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, मत्स्य पालन, विद्युत विभाग ,कृषि विभाग आदि की उपलब्धियों की जानकारी दी। राज्य सभा सांसद ने वर्तमान सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। सरकार द्वारा मुफ्त एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की व्यवस्था की गई है ,शिक्षा के साथ–साथ बच्चों को भोजन मिड डे मील , मुफ्त किताबें, ड्रेस आदि भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीब व कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अनेक योजनाएं संचालित है। प्रदेश सरकार द्वारा कमजोर वर्ग के लोगों को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय राशन आदि उपलब्ध कराया जा रहा है तथा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है।जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में शासन की मंशा के अनुरूप बेहतर कार्य किए जा रहे है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिलाधिकारी अनुज कुमार , मुख्य विकास अधिकारी सीलम साई तेजा, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, अधि.अभि. पी.डब्लयु.डी जैनुराम एवं जनपद के वरिष्ठ पत्रकारगण उपस्थित रहे ।

## उत्तर प्रदेश विकास उद्योग एवं रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाई छू रहा है –जेपीएस राठौर

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उत्तर प्रदेश सरकार के सुशासन, विकास एवं रोजगार के सफलता पूर्वक छः वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय रसखान प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग जे0पी0एस0 राठौर ने मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती, मा0 सांसद मिश्रिख अशोक रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र, मा0 विधायक रामपाल वर्मा, मा0 श्याम प्रकाश, मा0 मानवेन्द्र प्रसाद सिंह रानू, मा0 आशीष सिंह आशू तथा मा0 अशोक अग्रवाल के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने मा0 सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष तथा मा0 विधायकों, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रदेश सरकार के सफल छः वर्ष पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मा0 मंत्री जी ने प्रदेश सरकार द्वारा छः वर्ष में कराये गये कार्यो की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कहा कि मा0 मुख्य मंत्री जी के अथक प्रयास से आज उत्तर प्रदेश विकास, उद्योग एवं रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाई छू रहा है और आने वाले समय में प्रदेश, उत्तम प्रदेश के स्थान पर सर्वोत्तम प्रदेश बनेगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास, शौचालय, पेंशन आदि का लाभ उपलब्ध कराने के साथ अनेक योजनाओं से शिक्षित नवयुवक–युवतियों को कंपनियों के माध्यम से बेहतर अवसर प्रदान कर व्यापक स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराकर आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि उ0प्र0 में व्यापक स्तर पर उद्योगों की स्थापना की जा रही है और इससे प्रदेश के अधिक से अधिक युवा रोजगार से लाभान्वित होगें। विकास कार्यो में प्रदेश में जनपद हरदोई को प्रथम स्थान मिलने पर मा0 मंत्री जी ने जिलाधिकारी की प्रशंसा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि जनपद में मा0 मुख्यमंत्री जी के दिशा निर्देशानुसार सभी विकास एवं निर्माण कार्यो को



तेजी से कराने के साथ भारत एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज में सबसे नीचे पायदान पर जीवन यापन करने वालें लोगों को प्राथमिकता पर दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मा0 मंत्री जी, मा0 सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, भाजपा अध्यक्ष तथा मा0 विधायकों ने कोरोना काल में अपने माता–पिता को खोने वाले होनहार छात्र–छात्रओं को बाल सेवा योजना के अन्तर्गत लैपटाप, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं एवं खेलकूद र्स्पधा के अन्तर्गत बालीबाल, जूडो एवं हाकी खेलों में प्रदेश स्तर पर पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं को खेल किट/मैडल, एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत उद्योग विभाग के लाभार्थियों को टूल किट तथा सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन योजनान्तर्गत अनुदान पर प्राप्त ट्रैक्टर के लाभार्थियों को ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की। कार्यक्रम समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने मा0 मंत्री, मा0 सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों तथा पत्रकार बन्धुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्र, भाजपा क्षेत्रीय मंत्री पी0के0 वर्मा, जिला विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, डीडी कृषि डा0 नन्द किशोर, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम प्रकाश वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला, उपायुक्त उद्योग सुशील कुमार, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित भारी संख्या में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी तथा पत्रकार बन्धु आदि उपस्थित रहें।

## बच्चो को मिला शैक्षणिक प्रमाण पत्र तो खिले उनके चेहरे

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : बीएसएन ग्लोबल स्कूल शाहपुर में शनिवार को वार्षिक प्रगति पत्र व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विभिन्न कक्षाओं के होनहार छात्र छात्राओं ने जिन्होंने अपनी कक्षा में प्रथम और द्वितीय रैंक प्राप्त किया था उन्हें पुरस्कृत किया गया। नर्सरी से सात की कक्षा में प्रथम रैंक आने वालें विद्यार्थियों में क्रमशः अर्नव राय,सुरज मौर्य, अर्पित यादव, अव्यक्त जायसवाल,कौनैन, अदिति मौर्य, आख्या,बिट्टन मिश्रा, श्वेता वर्मा और आजाद गुप्ता रहे।कक्षा में दूसरे रैंक पर आने वाले विद्यार्थियों में क्रमशः वंश प्रताप सिंह,अर्थव, गंगेश, तैमूर खान,जोहरा, कृष्णा, सुष्मिता,अलिशा खान, आदित्य मौर्य और आलोक कुमार को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के निदेशक जे के जायसवाल ने कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। जीवन में हमेशा सकारात्मकता बनी रहनी चाहिए तथा सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारण का होना अति आवश्यक है।विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत से अपने भविष्य का निर्माण करना चाहिए ताकि वे सशक्त राष्ट्र व समाज के निर्माण में अपना



योगदान दें सकें। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को बधाई दी और सभी उपस्थित अविभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वसुधाधर भट्ट, भूपेंद्र प्रताप सिंह, राजु वर्मा,अनुरेश पांडेय, दुर्गा सिंह, जयप्रकाश मिश्रा,प्रदीप मौर्य,अनिल जायसवाल,हृदयेश वर्मा, गोरखनाथ चौहान, दीपक सिंह, चन्द्रकला मौर्य, चंद्रमति , कुसुम, सुमन, प्रतिभा, अंकिता, शालिनी आदि सहित सैकड़ों अविभावक एवं शिक्षक – शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहे।

## राम कथा सुनने से मिलती है रोगों से मुक्ति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रामकथा सुनने से व्यक्ति का शारीरिक शुद्धिकरण होता है, साथ ही समस्त सांसारिक दुःखों से मुक्ति मिलती हैं। जो व्यक्ति जितनी बार राम कथा का श्रवण करेगा उसे उतना ही लाभ प्राप्त होगा। उक्ताशय के उद्गार अयोध्या से पधारे कथा वाचक मानस रसिक पंडित बालकृष्ण दास जी के द्वारा क्षेत्र के नेवढ़िया बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के प्रांगण में चल रहे नौ दिवसीय संगीतमय रामकथा के तीसरे दिन व्यक्त की। कथा श्रवण कराते हुए उन्होंने कहा कि एक बार त्रेतायुग में भगवान शंकर अगस्त ऋषि के आश्रम में माता सती को साथ लेकर गए। अगस्त रिषी ने भगवान शंकर को देख पूजा अर्चना की।आसन पर बैठाया। भगवान कथा को सुनने लगे। लेकिन भगवान शंकर के साथ गई सती का ध्यान कथा से भटक गया और उन्होंने अगस्त ऋषि को देख कर कहा कि यह साधारण से व्यक्ति क्या राम कथा कहेंगे। भगवान शंभू को क्या रामकथा सुनाएंगे लेकिन भगवान शंभू ने रामकथा सुनी। इससे वह शंभू से महेश और महेश से महादेव बन गए, लेकिन माता सती का ध्यान राम कथा में न लगने से जगत की माता दक्षकुमारी एक साधारण लड़की बनकर लौट गईं। जो कथा ना सुनने का परिणाम है।कथा के दूसरे दिन बड़ी संख्या में श्रृद्धालु कथा का श्रवण करने पहुचे। इस मौके पर संत भगवान दास महाराज, जगदीश तिवारी, रवि तिवारी, सतीश पाठक, ज्ञानेंद्र पांडेय, अवधेश जायसवाल, विकाश, विशाल, भरत, मिथिलेश, ज्योति पाठक, अशोक समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## जनपद में अलग अलग जगहों पर संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर दो की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थाना अंर्तगत वाराणसी लखनऊ रेल प्रखंड पर गौरैयाडीह गांव के पास ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई ।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गौरैयाडीह गांव निवासी रंजीत यादव (35) पुत्र इंद्र बहादुर यादव अपने घर पर ही आर ओ मशीन लगाया हुआ है।वह पानी की सप्लाई दूकानों पर करता है।शनिवार की सुबह 11:30 बजे उसकी लाश गांव के ही रेलवे ट्रैक पर मिली तो हड़कंप मच गया।परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे और दहाड़ मारकर रोने लगे।माना यह जा रहा है कि रंजीत पटरी पार कर रहा था इसी दरमियान रायबरेली से जौनपुर की और जा रही इंटरसिटी ट्रेन की चपेट मे आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विवेक तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की तहकीकात की ।पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।रंजीत की मौत ट्रेन की चपेट मे आने से हुई या फिर खुदकुशी है स्पष्ट नही हो सका है।

**ट्रेन से कटकर महिला की मौत**

जलालपुर क्षेत्र के कोडरी रेलवे फाटक के पास शनिवार को सुबह लगभग नौ बजे ट्रेन की चपेट में आकर एक 35 वर्षीय महिला की मौत हो गयी।उसकी शिनाख्त नही हो सकी है।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त फाटक के पास वह युवती डाउन लाइन पर किसी गाड़ी की चपेट में आई थी।महिला ने केसरिया रंग की साड़ी पहने हुए थी।महिला द्वारा आत्महत्या करने की बात भी चर्चा में है।थाना प्रभारी रमेश यादव ने बताया कि महिला के शिनाख्त के लिए प्रयास किया जा रहा है।

## थाना समाधान दिवस पर आई तीन शिकायतों में 01 शिकायत का मौके पर हुआ निस्तारण

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) थाना परिसर में शनिवार को नायब तहसीलदार मुकेश कुमार की अध्यक्षता एवं एसएसआई संजय राय की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। थाना समाधान दिवस में राजस्व व पुलिस से संबंधित कुल 03 शिकायतें आयीं।जिनमें से एक शिकायत पुलिस तथा दो शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित थीं। पुलिस से संबंधित शिकायत को मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया।जबकि शेष राजस्व से सम्बंधित 02 शिकायतों की सुनवाई कर त्वरित व निष्पक्ष जांच कराकर समय बद्ध रूप से विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। इस मौके पर राजस्व व पुलिस कर्मियों के



अतिरिक्त फरियादी मौजूद रहे।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## पक्की दीवार बनवाने के दौरान दो पक्षों में हुई मारपीट : तीन घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव में शनिवार को सुबह लगभग 10 बजे भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट की सूचना पर मौके पर पुलिस भी पहुच गई। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव के गुलाब व चंद्रमणि में पुराना भूमि विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी विवादित जमीन पर चन्द्रमणि द्वारा पक्की दीवार बनवाया जा रहा था। जिसकी जानकारी होने पर गुलाब बन रहे दीवार का निर्माण कार्य रोकने लगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में गाली गलौज होते– होते लाठी डंडे चलने लगे। इस मारपीट में दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुच गयी। इस मामले में पूछे जाने पर थाना प्रभारी गौराबादशाहपुर देवानंद रजक ने बताया कि अभी कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञानता मनुष्य का है सबसे बड़ा शत्रु होता है–दयानंद सरस्वती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सतहरिया में शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे कथा व्यास आचार्य डाँ दयानंद सरस्वती ने कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति किसी भी काम को करने के पहले कई बार सोचता है,तब करता है।वहीं आज्ञानी व्यक्ति अज्ञानता बश बिना सोचे समझे कुकर्मो सरीखे बुरा काम करके पाप का भागीदार बन जाता है।वह समाज में निंदनीय हो जाता है।इस लिए कहा गया है कि अज्ञानता जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है। उक्त बाते उन्होंने मुंगराबादशाहपुर में स्थित मां गायत्री शक्तिपीठ पर चल रहे प्रज्ञा पुराण कथा के तीसरे दिन प्रवचन में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि जिसमें ज्ञान का प्रकाश नहीं है वह अंधकार रूपी कुएं में गिर कर के अपना अमूल्य जीवन नष्ट कर दे रहा है।ऐसे व्यक्ति पृथ्वी पर बोझ बन कर जीते है। ऐसे व्यक्तियों को अंधकार रूपी कुएं से बाहर निकलना ही सदगुरु आचार्य श्री राम शर्मा का प्रमुख उद्देश्य है।जो प्रज्ञा पुराण कथा में समाहित है।उन्होंने संस्कारो के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि अच्छे संस्कारों से व्यक्ति व परिवार श्रेष्ठता श्रेणी में आता है।गायत्री सद्बुद्धि की देवी है।जिससे संस्कार और सद् व्यवहार का विकास होता है।कथा शक्ति पीठ के आचार्य गुलाब जी के देख–रेख में चल रहा है।मुख्य रूप से जितेन्द्र मिश्रा,सूरज यादव, प्रमोद पाण्डेय,लालमणी मौर्या,लाल जी पाण्डेय,माया देवी,राजीव जायसवाल आदि थे।

## बुलेरो ने मारी टक्कर बाइक सवार दो युवक घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज कोतवाली थाना अंतर्गत नगर के तहसील गेट समीप शुक्रवार की देर रात तेज रफ्तार बुलेरो ने बाइक को टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए।मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के कोरवलिया भांदी गांव निवासी रविकांत (22)पुत्र मयाराम अपने बाइक पर अपने रिश्तेदार खेतासराय थाना क्षेत्र के मनेछा गांव निवासी शन्नी (20)पुत्र बृजेश को बैठाकर शुक्रवार की देर रात अपने घर आ रहा था। जैसे ही तहसील के मुख्य गेट के पास पहुचा सामने से आ रही तेज रफ्तार बुलेरो ने बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## 5 सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रीय लोकदल ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 5 सूत्रीय मांगों को लेकर राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष धनीराम यादव के नेतृत्व में शनिवार को मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी जौनपुर को सौंपा गया! इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि मांगों को लेकर सरकार को लगातार अवगत कराया जा रहा है लेकिन सरकार मांगों पर गंभीर नहीं है! अतः किसान हित में हम आपसे मांग करते हैं। की आकाशीय बिजली गिरने से मौत का शिकार हुए लोगों के परिजनों को 20–20 लाख की आर्थिक सहायता तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाय! गेहूं मटर तथा सरसों की फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाए। आम का बौर बाग में ही गिर गया जिससे आम की फसल किसानों को भारी नुकसान हो गया उन्हें भी उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों के सभी तरह के कर्ज को माफ किया जाए। फसल बीमा योजना या अन्य कोई विशेष योजना के अंतर्गत किसानों को त्वरित लाभ पहुंचाया जाए। ज्ञापन देने वालों में अशोक प्रधान, अभय राज, गोलू निषाद, जमुना प्रसाद, डा. रिजवी, तारिक अली, विनोद कुमार, गुड्डू गौड़ आदि शमिल रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

जीवन में कुछ पाना है तो विनम्रता उस सफर की पहली सीढ़ी है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# पंजाब के बहाने कश्मीर पर नजर

पाकिस्तान शुरू से ही पंजाब के जरिये कश्मीर में अस्थिरता पैदा करना चाहता है। पंजाब की समस्या सिर्फ घरेलू कानून–व्यवस्था की नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी है। इसलिए केंद्र सरकार को राज्य सरकार के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय आपातकालीन योजना बनानी चाहिए।

एक बार फिर पंजाब सुर्खियों में है। 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह ने खालिस्तान की मांग उठाकर फिर से 1980 के दशक की खौफनाक यादें ताजा कर दी हैं। यह सिर्फ आतंरिक सुरक्षा का मामला नहीं है, बल्कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई गहरी साजिश के तहत खालिस्तानी आतंकवाद को हवा दे रहा है। इसलिए इस मामले को शुरू में ही खत्म कर देना चाहिए, ताकि खालिस्तानी आतंकवाद फिर से नासूर न बने और देश की सुरक्षा के लिए खतरा न पैदा हो। पाकिस्तान की गहरी साजिश को समझने के लिए अतीत पर नजर डालना समीचीन होगा।

पाकिस्तान की यह बहुत पुरानी सोच रही है कि पंजाब के जरिये कश्मीर में अस्थिरता पैदा की जाए। पाठकों को याद होगा कि 1989–90 में जब कश्मीर में आतंकवाद चरम पर था, उससे पहले ही पाकिस्तान ने पंजाब में खालिस्तान की मांग को हवा देनी शुरू कर दी थी। सत्तर के दशक की शुरुआत में पहली बार खालिस्तान की मांग उठी थी। पंजाब के लोग भी भड़के हुए थे। उनका कहना था कि हम सबसे ज्यादा अनाज उगाकर देते हैं, पंजाब के बहुत से लोग सेना में हैं, देश और विदेशों में भी पंजाब के लोग बड़े–बड़े पदों पर काबिज हैं और पंजाबियों के कारण भारत में काफी विदेशी मुद्रा भी आ रही है। यह देश का सीमांत राज्य है, इसलिए पंजाब को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए।

इन मांगों को लेकर 1978 में आनंदपुर साहिब प्रस्ताव भी पारित हुआ था। कट्टरपंथियों की मांग थी कि पंजाब के पानी पर उनका पूर्ण नियंत्रण होना चाहिए, विशेष सुविधा मिलनी चाहिए। उनका कहना था कि या तो हमारी मांगें पूरी करें या हम बगावत करेंगे। उस समय सीमा पर सुरक्षा बंदोबस्त इतनी मजबूत नहीं थी, तो पाकिस्तान से हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी पंजाब में होती थी। तब पंजाब में काफी खून–खराबा भी हुआ था, पर राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने शुरू में कोई सख्त कदम नहीं उठाया, क्योंकि राजनीतिक वर्ग पंजाब के अकालियों के साथ शांतिपूर्ण ढंग से समझौते के पक्ष में था। उस समय देश के राष्ट्रपति ज्ञानी जेल सिंह थे, जो खुद भी एक ग्रंथी थे और जरनैल सिंह भिंडरावाले वगैरह को जानते थे और उन्होंने समझौते की कोशिश भी की थी।

पाकिस्तान जो खेल हमारी सरकार को खिलवाना चाहता था, हमारे नेता वही खेल खेल रहे थे। यह मामला इतना बिगड़ गया कि स्वर्ण मंदिर में दिन दहाड़े पंजाब के डीआईजी एएस अटवाल की हत्या कर दी गई। राज्य में अशांति फैलने से पंजाब की अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान हुआ था। इसलिए युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा था और वे गलत रास्तों पर आगे बढ़ गए थे। राज्य में इतना खून–खराबा हुआ कि पांचों नदियों का पानी इंसानी लहू से लाल हो गया। इस घटना के बाद दिल्ली की सरकार की आंख खुली। फिर ऑपरेशन ब्लू स्टार (1984) और ऑपरेशन ब्लैक थंडर (1988) हुआ था, तब जाकर दस साल बाद पंजाब में स्थिति नियंत्रण में आई। लेकिन इसकी कीमत देश को प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के रूप में चुकानी पड़ी।

इस बीच, पंजाब में हम इतने उलझ गए थे कि कश्मीर में क्या हो रहा है, उधर से हमारा ध्यान हट गया और फिर कश्मीर सुलगने लगा। इस समय भी जब कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था सख्त होने से पाकिस्तान की योजनाओं पर पानी फिरता नजर आ रहा है और उसके मंसूबे पूरे होते नहीं दिख रहे हैं, तो वह एक बार फिर से भारत को पंजाब में उलझाना चाहता है। उसकी योजना है कि एक बार यदि नई दिल्ली को पंजाब में उलझा दिया जाए, तो वे धीरे–धीरे कश्मीर में फिर से अपनी योजना को अंजाम देंगे। आईएसआई खालिस्तानी समर्थकों को हमेशा पनाह और हर तरह की सुविधा देता रहा है। वह उन–उन जगहों पर भारत विरोधी कार्रवाइयों को बढ़ावा दे रहा है, जहां सिख समुदाय के साथ पाकिस्तानी लोग भी बड़ी संख्या में हैं। अगर आपको इतिहास पता हो, तो आप देखेंगे कि पाकिस्तान उन्हीं पुराने नक्शे–कदम पर चलकर भारत को उलझाना चाह रहा है।

असल में पाकिस्तान 1971 की शिकस्त का अपमान अब भी पचा नहीं पाया है। 1971 के युद्ध में हार के बाद पाकिस्तान की सेना और आईएसआई ने भारत से इसका बदला लेने के लिए कश्मीर या पंजाब को भारत से अलग करने की कसम खाई थी, जिसमें उनका इरादा कश्मीर को 'दूसरा बांग्लादेश' बनाने की है। इसलिए वह पंजाब और कश्मीर में अलगाववाद की आग को हवा दे रहा है। दूसरी बात यह है कि पंजाब के भीतर अब भी कई लोग ऐसे हैं, जो चाहते हैं कि पंजाब को विशेष दर्जा मिले। वे लोग खालिस्तान की मांग करने वाले कट्टरपंथियों के समर्थक हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान कई वर्षों से पंजाब में मादक पदार्थों की आपूर्ति करता रहा है, जिस पर एक फिल्म भी बनी थी–उड़ता पंजाब।

इस तरह से पंजाब के युवाओं को पाकिस्तान ने एक तरह से ड्रग्स का गुलाम बना दिया। साथ ही पंजाब में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी अब भी हथियारों की आपूर्ति कर रहा है। सीमा पर सख्ती होने के चलते अब ड्रोन से हथियारों की आपूर्ति हो रही है। इन हथियारों को भविष्य में कभी इस्तेमाल किए जाने के लिए जमीन में गाड़ कर रखा जाता है। इस तरह की तैयारियां कई वर्षों से पाकिस्तान पंजाब में करता आ रहा है। एक समय केपीएस गिल ने पंजाब पुलिस को बेहतर बना दिया था, लेकिन अब पंजाब पुलिस बुरी तरह से नाकाम हो चुकी है, क्योंकि उनका प्रशिक्षण नहीं हो रहा है। उनके नेतृत्व में इन स्थितियों की गंभीरता को समझने की क्षमता नहीं है, वे अपने राजनीतिक आका के पिछलग्गु बने हुए हैं। इन वजहों से पंजाब का हाल बिगड़ चुका है।

जब तक केंद्र सरकार इसमें मदद नहीं करेगी, तब तक सुधार की गुंजाइश कम है। वैसे भी अभी पंजाब में उस पार्टी की सरकार है, जिसका केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी से अच्छा संबंध नहीं है। हमारी व्यवस्था में एक कमी है कि पुलिस राज्य सरकारों के अधीन होती है। केंद्र सरकार घरेलू कानून–व्यवस्था में ज्यादा हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। यह स्थिति पाकिस्तान के लिए फायदेमंद है। लेकिन पंजाब की समस्या सिर्फ घरेलू कानून–व्यवस्था की नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी है। इसलिए केंद्र सरकार को राज्य सरकार के साथ मिलकर एक राष्ट्रीय आपातकालीन योजना बनानी पड़ेगी, जिसके तहत केंद्र सरकार को राज्य सरकार की मदद करनी होगी, क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा तो केंद्र की जिम्मेदारी है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## जीआरपी ने चोरी करने वाले युवक को पकड़ा : मोबाइल चार्जर इयरफोन व 4330 रूपये बरामद

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राजकीय रेलवे पुलिस ने दर्ज मामलों की विवेचना के दौरान गुरूवार को जंक्शन बोर्ड के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक के पास से गत वर्ष थाने में दर्ज चोरी के तीन मामलों से जुड़ा मोबाईल, चार्जर, इयरफोन और 4330 रूपये बरामद किया है। पुलिस ने पकडे गए युवक का चालान किया है। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि अयोध्या कैंट थाने में दर्ज मामलों के पर्दाफाश के लिए अधिकारियों ने टीम लगाई थी। टीम ने अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के पश्चिमी छोर स्थित जक्शन बोर्ड के पास से आज सुबह 22 वर्षीय कमलेश निषाद उर्फ छोटू निवासी कनीगंज बरहटा कोतवाली अयोध्या को गिरफ्तार किया है। जामा तलाशी में उसके पास से टेक्नों कम्पनी का एक मोबाइल, रियलमी का सफेद रंग का चार्जर, बोट कम्पनी का नीले रंग का एक इयरफोन और कुल 4330 रूपये नगद बरामद हुआ है। पूछतांछ में युवक ने बताया कि बरामद सामान और नकदी उसने करीब 5–6 माह पूर्व अमृसर एक्सप्रेस, छपरा एक्सप्रेस में यात्रा करने वाले यात्रियों से चोरी की थी। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ कोतवाली नगर में लूट, चोरी, बरामदगी, धोखाधड़ी और कूटरचना तथा पड़ोसी जनपद गोंडा के नवाबगंज थाने में चोरी और आयुध अधिनियम के केस पहले से दर्ज हैं। चालान कर लखनऊ रेलवे सीजेएम के समक्ष पेश करने रवाना किया गया है।

## शिव मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु किया गया भूमि पूजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या के राम पथ के चौड़ीकरण के जद में आ रहे मंदिर और मकान तोड़े गए थे। इसी क्रम में अयोध्या शहर के साहबगंज स्थित कई सालों से प्राचीन श्री माँ क्लेशहारिणी एवं शिव मंदिर के पुनः निर्माण कराया जा रहा है जिसको लेकर गुरुवार को भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह और प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने विधि विधान पूजा पाठ कर भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न कराया। इस दौरान आए हुए अतिथियों एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शरद पाठक बाबा का भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ओमिश अग्रहरी ने रामनामी पहनाकर भव्य स्वागत किया।वही इस कार्यक्रम में आरएसएस प्रचारक सुमेंद्र, भाजपा वरिष्ठ नेता शरद पाठक बाबा और मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉक्टर कनक बिहारी पाठक आदि लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ कनक बिहारी पाठक एवं समाजसेवी दीपक पांडे ने किया। जिला पंचायत प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने बताया कि शिव मंदिर का पुनर्निर्माण का भूमि पूजन था. उन्होंने अपील करते हुए कहा कि यह मंदिर सभी का है सभी लोग इसमें योगदान करें।वही भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी ओमिश अग्रहरी ने कहा कि मंदिर बहुत पुरानी मंदिर थीं।जो राम पथ में इस मंदिर को पुनः स्थापित किया जा रहा है। समस्त शहरवासियों की कोशिश है कि इस मंदिर को भव्य तरीके से बनाया जाए। इस मौके पर महामंत्री राजेंद्र प्रसाद यादव, पाटनदीन, उत्तम, मदन गुप्ता, मनीष, अरुण श्रीवास्तव, सुभाष गुप्ता, अनुराग यादव, शुभम चोपड़ा, दुर्गा सोनकर, अरुण पांडे, मनीष गुप्ता, पार्षद रामानंद तिवारी, शकुंतला गौतम, पार्षद राम भवन यादव,नीरज पाठक आदि लोग सम्मिलित रहे।

## अयोध्या में प्रशासन की उदासीनता से हाईवे किनारे जारी अवैध मोरंग मंडी का संचालन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर के लखनऊ गोरखपुर हाईवे पर नाका से देवकाली क्षेत्र में हाईवे किनारे अवैध संचालित मोरंग मंडी जहां एक ओर बड़ी बड़ी दुर्घटनाओं का सबब बन रही है वहीं दूसरी तरफ संबंधित क्षेत्र में कई प्रमुख विद्यालयों की मौजूदगी के कारण स्कूली बच्चों के आवागमन में बाधा तो बन ही रही है साथ ही अभिभावकों को किसी न किसी बड़े अंदेशे का डर हमेशा सताया करता है। बताते चलें हाईवे पर अवैध रूप से मोरंग मंडी के संचालन से हाईवे अवरुद्ध होने के कारण अनियंत्रित आवागमन से जहां पर क्षेत्र में कई बड़ी दुर्घटनाओं के साथ लगभग हर सप्ताह दुर्घटनाएं हुआ करती हैं वहीं दूसरी तरफ इसी क्षेत्र में हाईवे की तरफ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज का गेट भी खुलता है केटी पब्लिक स्कूल व एचसीजे विद्यालय भी इसी हाईवे पर मौजूद है। ट्रकों के खड़ा होने से बच्चों के आवागमन में असुविधा तो होती ही है साथ ही हमेशा अभिभावकों को बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका सताये रहती है कई विद्यालय प्रबंधकों के द्वारा जिलाधिकारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों व प्रशासन के अधिकारियों को लिखित में सूचित किए जाने के बावजूद भी प्रशासन अवैध संचालित मोरंग मंडी को हटवाने में नाकामयाब साबित हुआ है, सूत्र बताते हैं अवैध मोरम मंडी का संचालन सत्ता से जुड़े हुए पहुंच वाले ठेकेदारों के द्वारा होने के कारण है दबाव में प्रशासन संचालित मंडी का को हटवाने में अपने आप को अक्षम महसूस करता है, जन समस्या से हटकर पुलिस का उदासीनता पूर्ण रवैया कहीं ना कहीं समूचे सिस्टम पर सवालिया निशान खड़ा करता है।

## इतिहास गवाह है कि प्रभु श्री राम का जिसने अपमान किया उसका सर्वनाश हुआ–आचार्य परम् हंस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राहुल गांधी को लेकर परमहंस आचार्य ने दिया बड़ा बयान कहा, इतिहास गवाह है कि प्रभु श्री राम का जिसने अपमान किया है उसका विनाश हुआ।राक्षस राज रावण का भी यही हाल हुआ था और कांग्रेस का भी वही शुरू हो गया है।आज खुशी का दिन है, कहते हैं सत्यमेव जयते सत्य परेशान भले हो, लेकिन पराजित नहीं हो सकता।माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं और पूरे विश्व में उनकी लोकप्रियता है।जब मोदी जी के सरनेम को लेकर राहुल गांधी टिप्पणी करते थे, तब हम सभी देशवासियों को गहरा आघात पहुँचता था।इंतजार करते थे की किसी ना किसी दिन न्याय मिलेगा और वो न्याय भारतीय न्यायपालिका से मिल गया।आचार्य प्रमोद कृष्णन कहते हैं काला दिवस मनाओ, तो कुत्ता भी रोटी खाता है तो पूछ हिलाता है।

## वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम त्रिपाठी के निधन पर नागरिकों ने जताया शोक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम त्रिपाठी(75) का आज राजकीय मेडिकल कालेज हरदोई में हृदयगति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया।वह अपने पीछे दो पुत्र प्रभाकर और शैलू को छोड़ गए। वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर नागरिकों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार त्रिपाठी जी लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यशील थे। उन्होंने कई प्रमुख हिन्दी दैनिक सहित पत्र–पत्रिकाओं में संपादन का कार्य किया। उनके निधन से पत्रकारिता क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। वे बड़े ही सरल एवं मृदुभाषी स्वभाव के थे। उन्होंने आजीवन साधारण से घर में रह कर पत्रकारिता की। वे कर्तव्यनिष्ठ और समय के पक्के थे। उनके निधन पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना, महामंत्री आलोक पाठक, संरक्षक दिनेश प्रसाद मिश्र, अखिलेश बाथम, दिनेश कुमार मिश्र,जिला मंत्री सैय्यद रईस अली, लखनऊ मण्डल अध्यक्ष अतुल कपूर,मण्डल उपाध्यक्ष अशरफ अली खां, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष श्रीधर त्रिपाठी, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता, भाजपा नेता राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, आजाद सिंह, रमाकांत मौर्य, मित्र परिवार के संस्थापक अनुराग श्रीवास्तव,ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र आदि ने शोक संवेदना प्रकट की। पत्रकार बन्धुओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके पैतृक गांव मझिला पहुँचकर वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम त्रिपाठी के अंतिम दर्शन प्राप्त करके श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् में भोजन स्वादिष्ट और रूचिकर –राजमती सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अन्नपूर्णा गृह वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् में रहने वाले वयोश्रेष्ठ जनों के साथ बैठकर भोजन प्रसाद पाकर आत्म संतुष्टि का अलौकिक अनुभव है। राजमती सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी आकस्मिक निरीक्षण के लिये सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान द्वारा संचालित वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् अल्लीपुर पहुँची ।उस समय वुजुर्ग भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे थे वो वृद्धजनो के साथ ही बैठकर भोजन की गुणवत्ता देखने हेतु साथ ही भोजन ग्रहण करते–करते बाबा और दादी से भोजन सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भोजनोपरान्त उन्होने कहा कि वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् मे भोजन स्वादिष्ट और रूचिकर बनाया जाता है तथा सभी संवासी व्यवस्था से खुश व पूर्णरूप से संतुष्ट



हैं। भोजन के समय 51 बाबा तथा 39 दादी उपस्थित पाये गये। वयोश्रेष्ठ मन्दिरम् की अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। सभी व्यवस्थाये संतोष जनक पायी गयी। इस अवसर सभी कार्यकर्ता उपस्थित उपस्थित मिले।

## विश्व क्षय रोग दिवस को एकेटीयू ने निक्षय दिवस के रूप में मनाया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कुलाधिपति के निर्देश पर विश्व क्षय रोग दिवस को डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने निक्षय दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के फॉर्मेसी विभाग की ओर से वेबिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य वक्ता एम्स जोधपुर के प्रो0 रवि गौड़ ने टीबी रोग के लक्षण और बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि अधिकतर मामलों में टीबी रोगी अपने रोग को पहचान ही नहीं पाता है। यदि उसे पता चल भी जाता है तो सामाजिक धारणाओं के चलते वह रोग को छुपाता है। जिससे न केवल उसके लिए खतरा बढ़ जाता है बल्कि अन्य लोगों में भी बीमारी फैलने की संभावना रहती है। इसलिए जरूरी है कि यदि टीबी के लक्षण दिखे तो तत्काल जांच करानी चाहिए। जांच के बाद नियमित दवा खाने से यह रोग समाप्त हो जाता है। वहीं, पौष्टिक आहार भी रोगी के लिए जरूरी है। घर वालों के साथ ही समाज को भी रोगी का मनोबल बढ़ाने की जरूरत होती है। इसलिए जागरूकता




ही सबसे बड़ा बचाव है। कहा कि अब तो टीबी रोगियों के लिए दवा भी आसानी से उपलब्ध होती है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एनबीआरआई लखनऊ के रिटायर्ड सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ ए.के.एस. रावत ने दैनिक व्यवहार में प्राकृतिक आहार को शामिल करने के लिए प्रेरित किया। श्वसन तंत्र से संबंधित प्रत्येक बीमारी के उपचार में जड़ी बूटियों, खड़े मसालों इत्यादि के साथ काढ़े का अत्यधिक प्रयोग भी चलन है, जिससे बचना चाहिए। फार्मेसी संकाय के एसोसिएट डीन प्रोफेसर आकाश वेद के नेतृत्व में वेबिनार का संयोजन हुआ। वेबिनार का संचालन फार्मेसी संकाय के नीलकंठ मणि पुजारी ने किया। धन्यवाद सहायक कुलसचिव रंजीत सिंह एवं डॉ जयबीर सिंह ने किया। वेबिनार में प्रिया आर्या, अंजली सिंह, विकास चौधरी के साथ समस्त फॉर्मेसी छात्र शामिल हुए।

## क्रिएटिव कान्वेंट कालेज ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को वितरित किये पुरस्कार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। क्रिएटिव कान्वेंट कालेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह प्रतिभागियों को मिला सम्मान के दौरान क्रिएटिव कान्वेण्ट कालेज शान्ती नगर, सरोजिनी नगर लखनऊ में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। इस आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि डा हीरा लाल (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अपर निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं भगवत पटेल उपनिदेशक – (माध्यमिक शिक्षा उ. प्र.) ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। जिनके नाम गौरिषा वर्मा, अंशु, मंजीत चौधरी, नैना तिवारी, जानवी, निहाल सिंह, प्रिंष यादव चमक जैन, रुद्रांश त्रिपाठी, वमिका भारद्वाज, बागीषा गौर, अंशिका चतुर्वेदी, अंश चतुर्वेदी, वकील खान, प्रतिज्ञा आदि हैं। साथ ही में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए हीरालाल ने कहा कि इस प्रतिस्पर्धा के युग में बौद्धिक क्षमता के साथ शारीरिक क्षमता के विकास के लिए खेल प्रतियोगिताओं में भी भाग लेना चाहिए और उन्हे सभी क्षेत्रों मे अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रोत्साहित किया । भगवत पटेल ने भी अकेडमिक में शीर्ष रहे विद्यार्थियों को



पुरस्कार वितरित किये जिनके नाम अभय दीप, आकांक्षा, रुषदा, कार्तिक गुप्ता, शोभित, उज्वल, एकांक्ष आराध्या जैसवाल, साजिदा, सृष्टि त्रिपाठी आदि । उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों से कहा कि विद्यालय के प्रबंधक योगेंद्र सचान ने विद्यालय में सभी विद्यार्थियों के संम्पूर्ण विकास के लिए सदैव प्रयास किया है एवं अभिभावकों से बच्चों के रुचि के अनुसार उन्हें उत्साहित करने का अनुरोध किया। यह समारोह प्रबंधक योगेंद्र सचान, डायरेक्टर रिषिका सचान एवं समस्त शिक्षकगण के सामूहिक सहयोग से सम्पन्न हुआ।

## अश्विनी वैष्णव रेल संचार इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भारत सरकार ने श्रीनगर वैली का किया निरीक्षण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। अश्विनी वैष्णव, रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार का उत्तर रेलवे के अंतर्गत बडगाम रेलवे स्टेशन पर आगमन हुआ। महाप्रबंधक उत्तर रेलवे आशुतोष गंगल, मण्डल रेल प्रबंधक फिरोजपुर डॉ. सीमा शर्मा तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने माननीय रेल मंत्री जी का बडगाम रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया। रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार ने कैरिज व वैगन डिपो, बडगाम में ट्रेनों के अनुरक्षण से सम्बंधित विभिन्न कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने ट्रेन के अनुरक्षण से सम्बंधित सभी विषयों पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की एवं आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। रेल मंत्री विशेष निरिक्षण कार द्वारा बडगाम रेलवे स्टेशन से बारामुल्ला रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने इस रेलखंड की संरक्षा एवं सुरक्षा का विस्तृत अवलोकन किया। रेल मंत्री ने बारामुल्ला रेलवे स्टेशन पर स्थित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। रेल मंत्री ने मण्डल के बारामुल्ला रेलवे स्टेशन किए जाने वाले विकास कार्यों पर सम्बंधित रेल अधिकारियों से चर्चा की। इसके साथ–साथ माननीय रेल मंत्री ने बारामुल्ला रेलवे स्टेशन पर कार्यरत रेल कर्मचारियों से संवाद किया। बारामुल्ला रेलवे स्टेशन पर "एक स्टेशन एक उत्पाद" के ड्राई फ्रूट्स के स्टॉल का



भी माननीय रेलमंत्री ने निरीक्षण किया तथा स्टाल पर बारामुल्ला के लोकल ड्राई फ्रूट्स की सराहना की और ड्राई फ्रूट्स खरीदकर डिजिटल माध्यम से भुगतान किया। इसके पश्चात् रेल मंत्री विशेष निरिक्षण कार द्वारा श्रीनगर रेलवे स्टेशन पहुंचे। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीनगर रेलवे स्टेशन पर पार्सल ऑफिस का उद्घाटन किया गया। श्रीनगर रेलवे स्टेशन पर "एक स्टेशन एक उत्पाद" के स्टॉल का भी माननीय रेलमंत्री ने निरीक्षण किया। माननीय रेल मंत्री ने श्रीनगर रेलवे स्टेशन पर भारी संख्या में उपस्थित पत्रकार बंधुओं को संबोधित किया। USBRL परियोजना जनवरी / फरवरी 2024 तक पूरी कर ली जाएगी। उधमपुर–श्रीनगर–बारामुल्ला रेल परियोजना के लिए 2014 से पहले लगभग 800 करोड़ रूपये प्रति वर्ष बजट आवंटन था, वर्ष 2022–23 में इसे बढाकर 6000 करोड़ रूपये कर दिया गया। उधमपुर–श्रीनगर–बारामुल्ला ट्रेन सेवा से जुड़ने के बाद इस रेल सेक्शन में विशेष तौर से निर्मित वन्दे भारत ट्रेन की शुरुआत की जाएगी।

## बोली ममता बेटी को बचा लो साहब ससुराल वाले 2 बीघा खेत और मांग रहें हैं 5 लाख की नगदी

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) शादी के बाद 2 बीघा खेत और 5 लाख रुपये की मांग कर रहे ससुराल वाले आये दिन मारपीट पर उतारू रहते हैं। बेटी को बचाने के लिए इधर–उधर भटक रही उसकी मां का कहना है कि साहब,बेटी बचा लो। मामला पाली थाने के मुड़रामऊ की ममता पत्नी देवशरण ने बताया कि उसने करीब 3 साल पहले अपनी पुत्री प्रेमलता की शादी फर्रुखाबाद जिले के अमृतपुर निवासी अनूप पुत्र प्रांशू के साथ की थी। कुछ दिनों तक सब ठीक रहा, फिर ससुराल वाले 2 बीघा खेत और 5 लाख रुपये की मांग करने लगे। ममता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मांग पूरी न होने पर उसकी पुत्री से आये दिन मारपीट की जाने लगी। पति प्रांशू , ससुर अनूप,सास सुनीता,देवर दिव्यांशु और ननद दिव्यांशी को आरोपित किया गया है। ममता का कहना है कि उसने खेत बेच कर बेटी का घर बसाया था। अब उसके पास दो बीघा खेत बचा है, वही उसकी रोजी–रोटी का जरिया है। ममता ने रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर वृहद संगोष्ठी का भी आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एन.टी.ई.पी. कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा दिये गये दिशा–निर्देश के क्रम में जनपद में टी.बी. हारेगा देश जीतेगा अभियान अंतर्गत 24 मार्च 2023 को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम जन जागरूकता रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर टी. बी. चिकित्सालय जौनपुर प्रांगण से रवाना किया गया। तत्पश्चात् विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री जी भारत सरकार की अध्यक्षता में जनपद वाराणसी में आयोजित हो रही वन वर्ल्ड टी. बी. समिट में टी.बी. मुक्त पंचायत अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री महोदय द्वारा किया गया, जिसमें उन्होनें आह्वान किया ''YesWe Can END TB'' जिसका लाइव प्रसारण टी.बी. चिकित्सालय हॉल में समस्त अधिकारी/ कर्मचारी/ रोगी/ जनसामान्य की उपस्थिति में किया गया। तत्पश्चात् मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर महोदया की अध्यक्षता में विश्व क्षय रोग दिवस पर वृहद संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी में आह्वान करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदया ने गीत "हम होंगे कामयाब एक दिन, टी.बी. हारेगा देश जीतेगा एक दिन'' के



माध्यम से उपस्थित समस्त जन को टी.बी. मुक्त जौनपुर 2025 के लिये संकल्प दिलाया। गोष्ठी में उपस्थित जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. वी.पी. सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.सी. वर्मा, चिकित्साधिकारी जिला क्षय नियंत्रण केन्द्र डॉ. डी. के. सिंह ने विश्व क्षय रोग दिवस एवं टी.बी. उन्मूलन के सम्बन्ध में सम्बोधित किया। कार्यक्रम संचालन सुशील अग्रहरि, प्रभारी डी.पी.सी. एन.टी.ई.पी. द्वारा किया गया। विश्व क्षय रोग दिवस 2023 कार्यक्रम के अंतर्गत 22 मार्च 2023 को स्कूल्स, कॉलेज एवं मदरसों में टी.बी. के प्रति जागरूकता के कार्यक्रम किये गये। इस क्रम में 25 मार्च 2023 को ग्राम एवं पंचायतों में ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में टी.बी. जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## 26 27 व 28 मार्च को जौनपुर में आयोजित जौनपुर महोत्सव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण श्री गिरीश चंद्र यादव की अध्यक्षता में एवं जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की उपस्थिति में जौनपुर महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जौनपुर महोत्सव बनाए जाने के लिए 26, 27 एवं 28 मार्च 2023 की तिथियां तय की गई। दिनांक 26 मार्च 2023 को गोमती आरती, कवि सम्मेलन, 27 मार्च को स्थानीय कलाकारों के द्वारा लोक गायन एवं 28 मार्च 2023 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन, वॉलीवुड के सिंगर द्वारा प्रस्तुति किया जाएगा। महोत्सव का आयोजन शाही किला में किया जाएगा। जिसके संबंध में राज्यमंत्री के द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया गया कि वृहद अभियान चलाकर साफ–सफाई कराई जाए। नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी शहर एवं ट्रेफिक इंस्पेक्टर को निर्देशित किया कि पार्किंग व्यवस्था के संबंध में आवश्यक तैयारियां कर ली जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि महोत्सव के दौरान निर्बध रूप से बिजली उपलब्ध रहे। अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि जनपद की जो भी सड़के खराब



है उन्हें ठीक करा ले जिससे आवागमन में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। जौनपुर महोत्सव में सामूहिक विवाह कराया जाना है इसके संबंध में समाज कल्याण अधिकारी को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए गए। राज्यमंत्री के द्वारा कार्यक्रम में मंच, पेयजल, शौचालय के समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। जौनपुर महोत्सव में विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे जहां पर सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर0डी0 यादव, पी.डी. जयकेश त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज को रोवर्स रेंजर्स समागम में प्रथम स्थान मिला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अंतर्जनपदीय रोवर्स रेंजर्स समागम रैली का आयोजन लालती कुमुदेश्वर एजुकेशनल एंड ट्रेनिंग बालिका कॉलेज केराकत में हुआ जिस रैली में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संबंधित महाविद्यालयों ने अपनी टीम को प्रतिभाग कराया इस रैली में प्रथम स्थान मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज को प्राप्त हुआ इस जानकारी के प्राप्त होते ही डॉ अब्दुल कादिर खान ने प्रशंसा व्यक्त की और बताया की रोवर्स रेंजर्स हमेशा देश की सेवा के प्रति समर्पित रहते है वह किसी भी आपदा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं रोवर्स रेंजर्स कॉलेज कमांडिंग ऑफिसर डॉ अब्दुल



हलीम हाशमी ने यह जानकारी प्राप्त कराई इस जानकारी के प्राप्त होने पर कॉलेज में खुशी की लहर दौड़ गई।

## धर्म धारण करने से ईश्वर की निकटता मृत्यु आदि भय दूर हो जाते हैं –प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रसिद्ध वैष्णव पीठ श्रीरामवल्लभाकुंज के रामार्चान मंदिर परिसर में प्रेममूर्ति प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि प्रपंच से अर्जित धन से कोई भी सुखी नहीं हो सकता है सत मार्ग पर चलकर धन अर्जित करने वाले लोग ही शाश्वत सुख की प्राप्ति कर पाते हैं। छल प्रपंच से धर्म तो अर्जित किया जा सकता है लेकिन उसे सुख की प्राप्ति कदापि संभव नहीं है। जानकी घाट स्थित निर्माणाधीन रामार्चन मंदिर के प्रांगण में रामनवमी के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के द्वितीय दिन प्रेमभूषण महाराज ने व्यास पीठ से कथा वाचन करते हुए कहा कि अधर्म के पथ पर चलकर धन अर्जित करने वाले जीवन में कभी भी सुखी नहीं हो सकते हैं। दूसरों को वह दूर से सुखी तो दिखते हैं लेकिन वास्तव में वह सुखी होते नहीं है। अगर उनके दिल का हाल जाना जाए तो पता चलता है कि उनके दुख की कोई सीमा नहीं है। भारत और पूरी दुनिया के सनातन समाज में अलख जगाने वाले प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में पूजा पाठ भजन क्यों आवश्यक है? आपने कहा कि जब मनुष्य धर्म कार्यों में पूजा पाठ में संलग्न हो जाता है तो उसके जीवन से खासकर मृत्यु का भय बिल्कुल समाप्त हो जाता है क्योंकि तब वह धीरे–धीरे ईश्वर के निकट पहुंचने लगता है और जो व्यक्ति भगवान से संबंध स्थापित कर लेता है तो फिर उसे इस संसार की किसी भी चीज से दुख नहीं पहुंचता है।इसीलिए कहा गया है कि जो संत हैं वह दुख या सुख की स्थिति में संभव में ही रहते हैं किसी भी परिस्थिति में उनकी मन की स्थिति नहीं बदलती है। आदि पुरूष मनु और माता सतरूपा के जीवन से जुड़े प्रसंग की चर्चा करते हुए प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति में दांपत्य जीवन का सफल निर्वहन करने वाले व्यक्ति के कुल में ही महान आत्माओं का आगमन होता रहा है। जब हम गृहस्थ जीवन में पंच महायज्ञ करते हुए अपने तीन प्रमुख ऋणों से उऋण होने की दिशा में कार्य करते हैं तो हमारे कुल में निरंतर सुख की वृद्धि होती है और वंश परंपराओं में महान आत्माओं का योगदान होता है। भगवान अविकारी हैं और मनुष्य अर्थात जीव विकारों से परिपूर्ण है।भगवान और मनुष्य में यही मूल अंतर है।अपने कर्मों के माध्यम से जीव अगर अपने विकारों से रहित हो जाता है तो वह भगवान के तुल्य होने लगता है। निरंतर सतकर्मों में रहने वाला व्यक्ति ही विकारों से छुटकारा पाता है।

## इनामी अपराधी के संरक्षककर्ता ससुर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरायख्वाजा थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा 01 लाख रूपया के ईनामिया/शातिर अपराधी प्रशान्त सिह उर्फ प्रिन्स पुत्र प्रेमनरायण सिंह नि0 नेवादा ईश्वरी सिह थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर के संरक्षणकर्ता ससुर प्रमोद सिंह उर्फ पप्पू को किया गया गिरफ्तार किया गया। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोक थाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के पर्वेक्षण में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 25/23 धारा 212/216 भादवि के वाछिंत अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी हेतु थाना सरायख्वाजा जौनपुर पुलिस टीम उ0नि0 गोविन्द देव मिश्रा मय हमराह हे0का0 शैलेन्द्र राय का0 अभिषेक यादव क्षेत्र में मामुर थे कि मुखबीर की सूचना पर 01 लाख रुपये के ईनामिया / शातीर अपराधी प्रशान्त उर्फ प्रिन्स पुत्र प्रेम नारायन सिंह नि0 नेवादाईश्वरी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर के संरक्षण कर्ता इनामिया के ससुर प्रमोद सिंह उर्फ पप्पू पुत्र स्व0 भानुप्रताप सिंह निवासी जमालापुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर को आज दिनांक 24.03.2023 को रात्रि समय करीब 02.30 बजे ग्राम बैजारामपुर बाजार से गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के भेज दिया गया है। 1– प्रमोद सिंह उर्फ पप्पू पुत्र स्व0 भानुप्रताप सिंह निवासी जमालापुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर उम्र करीब – 50 वर्ष गिरफ्तारी/सहयोगार्थ टीम के सदस्य– 1.प्रभारी निरीक्षक श्री अखिलेश कुमार मिश्र थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री गोविन्द देव मिश्रा चौकी प्रभारी शिकारपुर थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 शैलेन्द्र नाथ राय थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 4. का0 अभिषेक यादव थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर।

## थाना सरपतहाँ पुलिस टीम द्वारा 03 वारण्टी अभियुक्तो को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, थाना सरपतहाँ पुलिस टीम द्वारा 03 वारंटी 1. बब्लू पुत्र अखिलेशचन्द्र निवासी अमांवाकला थाना सरपतहां जौनपुर उम्र करीब 33 वर्ष 2. टुन्नूराम पुत्र स्व0 रामअजोर उम्र करीब 60 वर्ष 3. किशोर पुत्र स्व0



रामअजोर उम्र करीब 55 वर्ष निवासीगण लौंदा थाना सरपतहां जौनपुर को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण 1. बब्लू पुत्र अखिलेशचन्द्र निवासी अमांवाकला थाना सरपतहां जौनपुर। 2. टुन्नूराम पुत्र स्व0 रामअजोर निवासी लौंदा थाना सरपतहां जौनपुर। 3. किशोर पुत्र स्व0 रामअजोर निवासी लौंदा थाना सरपतहां जौनपुर। गिरफ्तारी टीम का विवरण 1. उ0नि0 सच्चिदानन्द थाना सपतहाँ जौनपुर। 2. उ0नि0 अतीक अहमद थाना सपतहाँ जौनपुर। 3.का0 दीपक गौड़ थाना सपतहाँ जौनपुर। 4. का0 श्रीकान्त गुप्ता थाना सपतहाँ जौनपुर।

## ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा क्षय रोगियों को किया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विश्व क्षय दिवस के अवसर पर संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा क्षय रोगियों के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छात्र–छात्राओं एवं टी.बी पेशेंट के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई जिसे हरी झंडी दिखाकर अति. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. अभिषेक वर्मा ने संस्था मुख्यालय गौरी शंकर मंदिर से रवाना किया। संस्था द्वारा आयोजित गोष्ठी में गोद लिए गए टी.बी पेशेंट को जागरूक करते हुए उन्हें दवा की पूरी डोज/कोर्स करने, खान–पान/ साफ– सफाई/ का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई। डॉ. अंजू सिंह ने कहा कि हमारे देश में विश्व के एक चौथाई टी.बी मामले हैं। सभी को '2025 तक क्षय मुक्त भारत' के लिए शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कौशल विकास के छात्र–छात्राओं में क्विज कम्पटीशन भी कराया गया विजेता को संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया। गोद लिए क्षय रोगियों को संस्था द्वारा अलग से टॉनिक, विटामिन्स कैल्शियम आयरन टैब., मास्क आदि भी वितरित किया । इस अवसर पर एल. टी. छट्टूलाल निगम, लालमन मिश्रा ,सत्यजीत मौर्या, मंजू सिंह अंकिता मिश्रा, प्रीती बरनवाल सहित काफी संख्या में छात्र–छात्राएं क्षय रोगी भी उपस्थित रहे।

## माह रमजान पर टाटा मस्जिद के इमाम शमसुल कमर कादरी की अपील

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रमजान का पवित्र माह शुक्रवार से शुरू हो रहा है जिसको लेकर अहले सुन्नत मरकाजी मस्जिद टाट शाह कोठा परचा के इमाम मौलाना शमसुल कमर कादरी का बयान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अल्लाह का एहसान जो हम सब को इंसान बनाया और तमाम नेमतों से नवाजा और रमजान का महीना तशरीफ ला रहा है और यह महीना रहमतों का और बरकतों का महीना है और इसमें बंदों के लिए रहमत ही रहमत है सुबह शाम रहमत है उन्होंने कहा यह महीना अपने आप को बख्शवाने का महीना है उन्होंने मुसलमानों से अपील करते हुए कहा कि यह महीने में नमाजो का एहतमाम करें और कुरान पड़े और कुरान सुने चांद देखकर तराबी पढ़ें और फितरा ओ जकात अदा करें और इस महीने का शानदार खैर मकदम करें उन्होंने इस महीने की जो अजान है जमात है और तरावी का वक्त है वह भी बताया ईशा की अजान 8:30 बजे होगी जमाते ईशा होगी 8:45 बजे और तरावी शुरू होगी 9:00 बजे उन्होंने कहा नमाज में कुरान सुनाया जाएगा उन्होंने हिंदू भाइयों के नवरात्र जोकि चल रहा है कहा कि हम सबको चाहिए एक दूसरे के धर्मों का सम्मान करते हुए सभी अपने अपने अकीदे के हिसाब से अपने धर्म को माने और करें। मस्जिद टाट शाह मरकज ए अहले सुन्नत के इमाम शमसुल कमर कादरी ने कहा कि हमेशा से बिजली साफ–सफाई और सारी चीजों की व्यवस्था सरकार की ओर से की जाती है और हम उम्मीद करते हैं इस बार उससे अच्छी और बेहतर व्यवस्था जिला प्रशासन इस पवित्र महीने रमजान के मौके पर करेगा साथ ही उन्होंने एक अपील और जिला प्रशासन से मांग भी की है कि बीते दिनों कुछ ऐसे असामाजिक तत्वों ने शहर में तनाव पैदा करने के उद्देश्य से कुछ ऐसी हरकतें की थी लेकिन पुलिस प्रशासन ने उसे नाकाम कर दिया तो मेरी अपील यह है कि सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे मस्जिदों के पास कुछ पुलिसकर्मियों की तैनाती हो जिससे इन असामाजिक तत्वों को किसी भी तरह की गड़बड़ी फैलाने का मौका ना मिले।

## व्यापारी स्वाभिमान यात्रा 3 अप्रैल को नगर में प्रवेश करेगी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश भर में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के नेतृत्व में 13 मार्च को प्रारंभ हो चुका है जौनपुर जनपद में इसका आगमन 3 अप्रैल दिन सोमवार को होगा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन के नेतृत्व में एक बैठक जिला कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई जिसमें जिला अध्यक्ष दिनेश टंडन ने जौनपुर के नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल से नगर में जोरदार स्वागत करने तथा स्वागत की कड़ी में शहर को सजाने के लिए का हर प्रयास करने के लिए कहा नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने बताया कि यह मौका हम लोगों के जीवन में प्रथम बार आ रहा है जो व्यापार मंडल को 50 वर्ष पूरे होते देख रहे हैं इसलिए कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए कार्यक्रम का नगर संयोजक समाजसेवी अनिल मद्धेशिया को बनाया गया जिसके नेतृत्व में पूरे नगर को छोटे बड़े कुल 151 स्वागत गेट बनाने का लक्ष्य रखा गया है पूरे नगर को 5 सेक्टर में बांटा जा रहा है पॉलिटेक्निक चौराहे से 2 बजे दिन में यात्रा प्रारंभ होगी जिसके सेक्टर प्रभारी बंटी अग्रहरी, ओलदगंज सेक्टर प्रभारी विकास अग्रहरि, कोतवाली सेक्टर प्रभारी राकेश जायसवाल,सुतहट्टी बाजार सेक्टर प्रभारी हफीज शाह तथा सद्भावना पुल से जेसीज चौराहा सेक्टर



प्रभारी सतीश गुप्ता बनाए गए हैं, सिद्धार्थ उपवन में यात्रा जनसभा के रूप में परिवर्तित हो जाएगी उपस्थित नगर के पदाधिकारियों और तहसीलों से आए हुए सभी व्यापारियों को प्रदेश अध्यक्ष संबोधित करेंगे सभी सम्मानित व्यापारी इस यात्रा का स्वागत करेंगे,नगर संयोजक अनिल मद्धेशिया ने इस यात्रा को ऐतिहासिक यात्रा बनाने का संकल्प लिया और सभी व्यापारियों को इसमें अपना सहयोग करने का निवेदन किया बैठक उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी और प्रदेश मंत्री महेंद्र सोनकर यात्रा में अपना पूर्ण सहयोग करने के लिए कहा बैठक में जिला महामंत्री रामकुमार साहू नगर महामंत्री दक्षिणी मुन्ना लाल अग्रहरी महामंत्री उत्तरी मनोज कुमार साहू अनिल कुमार वर्मा अरविंद जायसवाल अतुल तिवारी उपस्थित रहे आभार नगर महामंत्री उत्तरी मनोज कुमार साहू ने व्यक्त किया।

# नेताओं के लिए नजीर –जितेन्द्र बच्चन



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राहुल गांधी से जुड़ा यह मामला नेताओं के लिए एक नजीर है। देश के रहबरों को चाहिए कि वे आने वाले दिनों में याद रखें कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। मर्यादा का पालन होना चाहिए। अगर आज हम संविधान के ढांचे में खरे नहीं उतरेंगे तो आने वाली पीढ़ी से कैसे उम्मीद कर सकते हैं? राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म हो गई। मानहानि मामले में गुजरात की सूरत कोर्ट ने सोमवार को राहुल गांधी को दोषी ठहराया था और दो साल की सजा सुनाई थी। इसी आधार पर लोकसभा सचिवालय ने शुक्रवार को नोटीफिकेशन जारी कर दिया। कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका है, लेकिन कांग्रेस इसे मोदी सरकार और भाजपा की एक सोची–समझी चाल बता रही है, मोदी को कोस रही है, उसका कहना है– केंद्र सरकार के पास अडाणी के मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाने और राहुल गांधी को चुप कराने का इससे बेहतर और कोई तरीका नहीं हो सकता था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं, जितनी तेजी से निर्णय लिए गए, वह बताता है कि राहुल गांधी से भाजपा कितनी डरी हुई है। कांग्रेस के साथ–साथ अन्य विपक्षी दल भी कांग्रेस के सुर में सुर मिला रहे हैं। राहुल की सदस्यता खत्म करने को लोकतंत्र के इतिहास में काला धब्बा बता रहे हैं। यहां तक कि जो टीएमसी कल तक कांग्रेस से अलग चलने के मंसूबे बना रही थी, आज राहुल के मामले को लेकर कांग्रेस के साथ खड़ी है। सियासी घमासान मचा है और इस घमासान में कुख्यात अमृतपाल सिंह के गुनाहों, उसके फरार होने और किसानों पर कहर बरपा रही आंधी–तूफान व बेमौसम की बरसात से हुए नुकसान के मुद्दे पीछे छूट गए हैं। दरअसल, राजनीतिक फायदे के लिए राहुल गांधी खुद को दोषी नहीं मानते। शुक्रवार को उन्होंने कहा, 'मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं, मैं हर कीमत चुकाने के लिए तैयार हूं।' लेकिन अगर विपक्ष ईमानदारी से स्वीकार करे तो कानून से ऊपर कोई नहीं है। अदालत के फैसले के बाद संसद की सदस्यता खत्म होना कोई नहीं बात नहीं है। इससे पहले भी इस तरह के निर्णय हुए हैं। कई विधायक और सांसद अपनी सदस्यता खो चुके हैं। फर्क इतना है कि पहले की सरकारें जहां अदालती फैसले के बाद अपना निर्णय करने में देर करती थीं, आज वहीं मोदी और योगी सरकार एक पल भी गंवाने को तैयार नहीं हैं। कुछ लोगों को यह 'जल्दबाजी' हजम नहीं हो रही है लेकिन सच यही है कि नियम–कानून का पालन इसी तरह होना चाहिए। बसर्ते सरकार हर मामले में इसी तरह की तेजी दिखाए। अगर वह दोहरा रास्ता अपनाती है तो जनहित और लोकतंत्र दोनों के लिए खतरा होगा, अन्याय होगा और अधर्म कहा जाएगा। हम भारत के संविधान और भारतीय लोकतंत्र की बात तो करते हैं लेकिन जब उसके कायदे कानून मानने की बात आती है तो उसमें यकीन नहीं रखते। उसके नफे–नुकसान को अपने हिसाब से तौलते हैं। अपने नजरिए से देखते हैं। यह अनीति है। इसे स्वस्थ्य राजनीति नहीं कहा जा सकता। अपवाद स्वरूप मोदी सरकार भी इससे अछूती नहीं है। हम सभी जानते हैं कि चुनाव आते ही तमाम पार्टियों के नेता बेलगाम हो जाते हैं। उनकी भाषा–शैली बदल जाती है। आरोप प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो जाता है। अभद्रता की सीमा टूटने लगती है। बड़े–बड़े सियासतबाज जाति, धर्म और वर्ग पर उतर आते हैं। गड़े मुर्दे उखाड़ने लगते हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों में अपनी सरकार बनने पर देख लेने तक का डर–भय पैदा करने की कोशिश करते हैं, यह ओछी और गंदी राजनीति है। चुनाव जीतने के लिए सियासी चोले में शैतान नहीं कबूल किया जा सकता। इसलिए बात योगी और मोदी की नहीं है, किसी न किसी को तो नई शुरुआत करनी ही होगी। राहुल गांधी से जुड़ा यह मामला नेताओं के लिए एक नजीर है। देश के रहबरों को चाहिए कि वे आने वाले दिनों में याद रखें कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। मर्यादा का पालन होना चाहिए। अगर हम आज संविधान के ढांचे में खरे नहीं उतरेंगे तो आने वाली पीढ़ी से कैसे उम्मीद कर सकते हैं? चुनावी गणित को पक्ष में करने के लिए दुष्प्रचार और अभद्र भाषा–शैली को किसी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता। हम जो बोलते हैं, कहते हैं, उसका जनमानस पर परोक्ष और अपरोक्ष दोनों तरह से असर पड़ता है। इसलिए हमें सतही मानसिकता से उबरना होगा। साफ–सुथरी राजनीति करनी होगी, तभी लोकतंत्र मजबूत होगा और भारत के संविधान में भी लोगों की आस्था बढ़ेगी।

## प्राइवेट मेडिकोलीगल कर संविदा चिकित्सक द्वारा भाजपा शासन का बढ़ा रहे हैं क्राइम ग्राफ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के ढुलमुल रवैया के चलते संविदा चिकित्सकों द्वारा उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार के आदेशों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां प्राप्त जानकारी के अनुसार ई एम ओ इमरजेंसी मेडिकल अफसर के पद पर संविदा पर तैनात चिकित्सकों से सीएमएस द्वारा लिए जा रहे फिजीशियन के कार्य ने इन चिकित्सकों द्वारा खुलेआम धड़ाके से लिखी जा रही कमीशन युक्त दवाइयों पर प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सीबीएन त्रिपाठी इन संविदा चिकित्सकों पर अंकुश ना लगाए जाने के कारण एनी चिकित्सकों का दिन प्रतिदिन मनोबल बढ़ता जा रहा है जिसके कारण भाजपा सरकार की छवि धूमिल हो रही है यही नहीं संविदा चिकित्सक डॉ आशुतोष प्रताप सिंह द्वारा इमरजेंसी ड्यूटी ना होने के बावजूद भी बिना ड्यूटी के धड़ाके से प्राइवेट मेडिकोलीगल किए जाने से उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार का क्राइम ग्राफ बढ़ाया जा रहा है प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक इन चिकित्सकों पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं।

## सपाईयों ने मनाई डॉ. लोहिया की 13वीं जयंती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजवादी पार्टी ने डॉ. राममनोहर लोहिया की 113वीं जयंती मनायी। जयंती कार्यक्रम के तहत प्रातः 9.00 बजे चौक स्थित डॉ. लोहिया की प्रतिभा पर माल्यार्पण किया गया। बाद में पार्टी कार्यालय पर डॉ0 लोहिया के चित्र पर माल्यर्पण के बाद डॉ. लोहिया के सिद्धान्त विषय पर गोष्ठी की गयी। पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ0 लोहिया को युग दृष्टा कहना सर्वथा उपयुक्त है। डॉ0 लोहिया कहा करते थे जिन प्रतीकों को करोड़ों देशवासी मानते हों उन प्रतीकों से लडना बेमानी है। वे कहा करते थे कि भारत माता मुझे राम की मर्यादा,कृष्ण की उन्मुक्ता तथा शिव जैसी विशालता दो। डॉ0 लोहिया का चिन्तन बुराइयों से दूरी और अच्छाइयों को ग्रहण करने का स्वभाव बनाना चाहिए। नि0 सपा महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ0 लोहिया ने सबसे पहले देश के करोडो वंचितों, पिछड़ों और महिलाओं को सौ में साठ प्रतिशत अवसर देने की बात कही थी और अपने जीवन काल में इसके लिए संसद से सड़क तक लड़ते भी रहे। दोनों कार्यक्रमों में मुख्य रूप से नि0 जिला उपाध्यक्ष बाबूराम गौड़, नि0 महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव, नि0 महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, जिला सचिव अंसार अहमद बब्बन, कृष्णा चौधरी, मो0 राशिद सलीम, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष सरोज यादव, बाबा वाहिनी के नि0 राष्ट्रीय सचिव ओ0पी0 पासवान, पार्षद राम भवन यादव, जगन्नाथ यादव, मो0 आकिब खान, रत्नाकर दूबे, मो0 शाहबाज लकी आदि उपस्थित रहे।

## अन्नदाताओं पर इंद्रदेव का कहर : बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से आपदा प्रभावितों की संख्या में हुई बढ़ोतरी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान के सर्वे में गुरुवार को 63,993 अन्नदाता की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।फसलों के नुकसान पर अब 83 हजार से अधिक अन्नदाता को मुआवजा मिलेगा। वाराणसी में अब तक सबसे अधिक 58,393 अन्नदाता का नुकसान हुआ है। जिलों में सर्वे अभी जारी है और संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है।योगी सरकार ने राहत कार्यों को तेजी के साथ आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार तक हुए सर्वे में 19 हजार अन्नदाता की फसलों को 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ है।इनको मुआवजा मिलेगा।सर्वे अभी जारी है और संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।ललितपुर जिले में बुधवार को 2000 अन्नदाता का नुकसान हुआ था। अब यहां 7830 अन्नदाता की 6216 हेक्टेयर फसल बरबाद हुई है। अन्नदाता को यहां 10.27 करोड़ रुपये राहत राशि बांटी जाएगी।वाराणसी में 480 अन्नदाता का पहले नुकसान हुआ था, अब यहां सबसे अधिक 58393 अन्नदाता का नुकसान हुआ है। इनकी 13112.040 हेक्टेयर फसल बर्बाद हुई है। यहां राहत देने के लिए 22.30 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। बारिश और ओलावृष्टि के बाद चल रहे सर्वे में उन्नाव और चंदौली जिले में भी फसलों को 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान मिला है। राहत प्रशासन ने इन दोनों जिलों में भी अन्नदाता को क्षतिपूर्ति देने की सिफारिश की है। अब खराब मौसम से प्रभावित जिलों की संख्या आठ हो गई है। बुधवार तक हमीरपुर, ललितपुर, प्रयागराज, आगरा और बरेली में राहत प्रशासन ने माना था कि वहां फसलों को 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान हुआ। गुरुवार को उन्नाव और चंदौली को भी इस सूची में शामिल कर लिया गया। उन्नाव में ओलावृष्टि से 19 गांवों की 2801 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। यहां अन्नदाता को देने के लिए 3.12 करोड़ रुपये की आवश्यकता पड़ेगी। चंदौली में 11265 अन्नदाता की कुल 2986.813 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। इसके लिए किसानों को दी जाने वाली धनराशि का विभाग अभी आकलन किया जा रहा है।किसानों को फसल बीमा के रूप में 462.80 करोड़ रुपए मिले।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत गुरुवार को केंद्र सरकार ने लांच ऑफ डीजी क्लेम मॉड्यूल का शुभारंभ किया। इस संबंध में हुई वर्चुअल बैठक में केंद्रीय कृषि नरेंद्र सिंह तोमर ने खरीफ 2022 के लिए छह राज्यों के किसानों की क्षतिपूर्ति के रूप में 1260.35 करोड़ रुपये उनके खातों में ट्रांसफर की। इसमें यूपी के 903336 किसानों को 462.80 करोड़ रुपये दिए गए। यह रकम क्रॉप कटिंग के प्रयोगों से प्राप्त उपज के आधार पर दी गई है। इससे पहले यूपी में मध्यावस्था में आंशिक क्षतिपूर्ति के रूप में 2.18 लाख कृषकों को 134.25 करोड़ पहले ही बीमा कंपनियों ने दे दी थी। इस तरह कुल 597.05 करोड़ रुपये किसानों को दिए गए। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री को चार सुझाव भी दिए। कहा कि आपदा की स्थिति में कृषकों की ओर से व्यक्तिगत क्षति की सूचना देने की मियाद 72 घंटे से बढ़ाकर 4 से 5 दिन होनी चाहिए। असफल बोआई के तहत ग्रामपंचायत में 75 प्रतिशत क्षेत्र में बोआई न होने पर क्षतिपूर्ति देने की व्यवस्था को घटाकर 60 प्रतिशत करना सही होगा। बैंकों से प्रीमियम काटने पर यह रकम बीमा कंपनी को निर्धारित समय से दी जाए। क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान किसानों को फसल कटाई के एक माह में कर दिया जाए।

## जिलाधिकारी अयोध्या की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के विविध कार्यक्रमों की हुई बैठक

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में 1 अप्रेल 2023 से 30 अप्रेल 2023 तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान को प्रथम अंतर्विभागीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान दो चरणों में चलेगा। पहला चरण 1 अप्रेल 2023 से 16 अप्रेल 2023 तक तथ्य दस्तक अभियान 17 अप्रेल से 30 अप्रैल 2023 तक चलेगा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान आरंभ से पूर्व सभी महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित करा लें,कार्ययोजना जनपद पर तैयार करा कर समय से स्वास्थ्य विभाग को प्रेषित कर दें साथ ही अभियान के सफल संचालन हेतु आवश्यक प्रशिक्षण सुनिश्चित करा लें। अभियान में किसी भी विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। जिला स्वास्थ्य समिति जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तुत एजेंडों पर समीक्षा करते हुए निर्देश निर्गत किए गए जिसमें 1. प्रधानमन्त्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत तृतीय किश्त के लम्बित लाभार्थियों के फॉर्म समय से फीड कराते हुए भुगतान सुनिस्चित हो,2. जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का भुगतान शतप्रतिशत सुनिश्चित कराया जाए,3. नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत विशेष टीकाकरण व एमआर कवरेज सुनिश्चित कराया जाए,4. ई कवच ऐप के माध्यम से आशा वी एच आई आर प्रविष्टि लक्षित बच्चों एवम परिवार की एंट्री शीघ्र पूर्ण कर ली जाए,5. आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत प्री ओथ प्रति सीएचसी पर 30 एवम जनपदीय चिकित्सालयों पर 75 सुनिस्चित कराएं,6. जिलाधिकारी द्वारा जिन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर अभी तक विद्युतीकरण और पानी की समस्या है निराकरण हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जल निगम और विद्युत विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।7. सभी भुगतान प्रत्येक स्थिति में इसी माह सुनिश्चित करा लिए जाएं।8. कायाकल्प के लिए चयनित चिकित्सा इकाईयों को प्राप्त धनराशि का इस्तेमाल कमियों को अविलंब दूर कराकर कर लिया जाए। विश्व क्षय रोग दिवस प्रधानमन्त्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत ओपीडी में आने वाले मरीजों में से संभावित टीबी के मरीजों को चिन्हित करते उनका नोटिफिकेशन किया जाए और उनकी पूर्ण जांच कराकर यदि टीबी मरीज पाए जाते हैं तो उनका पूर्ण ईलाज समय से सुनिश्चित किया जाए जिससे टीबी मुक्त भारत को साकार किया जा सके। बैठक में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई की कि हम सभी को मिलकर देश को टीबी मुक्त करें क्योंकि टीबी हारेगा देश जीतेगा। जन्म मृत्यु समीक्षा समिक्षा मे जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले जन्म और मृत्यू की प्रत्येक स्थिति में और सभी पात्र का निर्धारीत अवधि में प्रमाण पत्र निर्गत कर दिए जाएं और इसमें किसी की भी और किसी भी स्तर पर लापरवाही नही होनी चाहिए। जनपद स्तरीय चिकित्सालयों के रोगी कल्याण समिति बैठक जनपद स्तर के जिला पुरूष चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, श्रीराम चिकित्सालय के रोगी कल्याण समिति को बैठक में जिलाधिकारी ने रोगियों के कल्याण के हित में आवश्यकताओं का अविल्ब आकलन करते हुए नियमों के तहत सभी आवश्यक कार्य कराए जाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ साथ मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डीपीओ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, संबंधित विभागों के जनपदीय अधिकारी,नोडल अधिकारी, सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक,संस्थाओं के प्रतिनिधि, डीपीएम, डीसीपीएम एवम अन्य अधिकारीगण उपस्थित हुए।

## प्रदेश सरकार के 1 वर्ष पूरे होने पर प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने की प्रेसवार्ता

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। मंत्री सूर्य प्रताप शाही का बयान, प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के लिए सीएम योगी को बधाई, उनकी सरकार को बधाई, पीएम मोदी को बधाई, उत्तर प्रदेश में एक स्थाई व स्थिर सरकार मिली, योगी आदित्यनाथ ने अपनी सरकार का 1 वर्ष पूरा किया, कुल मिलाकर उन्होंने सफलतापूर्वक व कीर्तिमान के साथ 6 वर्ष पूरे किए, उत्तर प्रदेश की महान जनता को भी अपनी ओर से आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने दूसरी बार उत्तर प्रदेश की सेवा करने का मौका दिया, सीएम योगी लगातार दूसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, यह 44 वर्षों के बाद हुआ है जब कोई मुख्यमंत्री लगातार दोबारा मुख्यमंत्री बना है, इस स्थिर सरकार में प्राथमिकता के आधार पर काम हुआ है, उत्तर प्रदेश के विकास, सुशासन, खुशहाली, आम जनता के लिए समृद्धिशाली काम हुआ है, उसके जो परिणाम आए हैं आज उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश के रूप में देश में ही नहीं दुनिया के भीतर पहचाना जा रहा है, मुख्यमंत्री ने प्रेस कांफ्रेस में बताया कि हमारी सरकार ने एक कीर्तिमान स्थापित किया है और देश के भीतर हमारी रैंकिंग अव्वल नंबर पर है प्रथम नंबर पर है, यह उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बात है,अयोध्या में रोड कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, रेल कनेक्टिविटी बेहतर हुई है, एयर कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाए जाने की स्थिति में काम हो रहा है, अयोध्या में भगवान श्री राम एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा है, मेडिकल कॉलेज बन रहा है, रेललाइन का दोहरीकरण हो रहा है, रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है, यहां के अस्पतालों को बेहतर बनाया जा रहा है।

### आदर्श सहकारी समिति बनेगी सोहावल की साधन सहकारी समिति खिरौनी

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या सोहावल की सुचित्तागंज में स्थित साधन सहकारी समिति खिरौनी आदर्श सहकारी समिति बनाई जाएगी। जिसमें किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने पाएगी। यह बातें कोपरेटिव बैंक अयोध्या के चेयर मैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह ‘ टिल्लू ’ ने सुचित्तागंज बाजार में स्थिति सहकारी समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा केंद्र और प्रदेश की बीजेपी सरकार किसानों के हित के लिए कटिबद्ध हैं। बरसात के दौरान फसलों के क्षति की भरपाई के लिए शासन की तरफ से आंकलन के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। इस दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के युवा सभापति राहुल सिंह ने कहा कि इस जीत से हमें जो सम्मान मिला है। पूरी तरह से उसका निर्वाहन करने के साथ किसान हित के लिए संघर्षरत रहेंगे। इस दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों का समारोह पूर्वक शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभापति राहुल सिंह, उप सभापति राकेश सिंह,भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण तिवारी,निवर्तमान सभापति सत्यानाम सिंह,वरिष्ट भाजपा नेता सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव,दीपू पांडेय,कुलदीप सिंह, अशोक सिंह, वीरभद्र गुप्ता धर्मेंद्र सिंह, जगदंबा मिश्रा, सुरेंद्र कोरी, बाबू सिंह,शिवाकांत, गुरु मौर्य, अमरजीत पांडेय,मोहनलाल गुप्ता, शाखा प्रबंधक सोहावल राजाराम, राजवंश पासी, सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## अयोध्या जिले के एसपी सिटी एवं 8 डिप्टी एसपी के द्वारा भवदीय शूटिंग रेंज के खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।मेरठ प्रशासन की तरफ से हो रहे चार दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल से 19 मैडल आए जिसमें अयोध्या पुलिस को 6 मेडल प्राप्त हुए अयोध्या पुलिस से सीओ सदर डॉ राजेश तिवारी को दो गोल्ड सीईओ जीआरएफ रेलवे धर्मेंद्र यादव को दो मेडल महिला आरक्षी नीलू शर्मा को दो मेडल डॉक्टर डीआर भुवन को वेटरन कैटेगरी में दो मेडल डॉक्टर एम एस विष्णु को एक मेडल ध्रुव कुमार सिंह को दो मेडल जैनुलाब्दीन खान को एक मेडल वंशिका चौधरी को दो मेडल शेर बहादुर यादव को दो मेडल अनुराधा ओझा को दो मेडल विजय राय को एक मेडल प्राप्त हुआ इस क्रम में अयोध्या मंडल को टोटल 19 मेडल प्राप्त हुए यह उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक मेडल अयोध्या को प्राप्त हुआ इस टीम का प्रतिनिधि कर रहे हैं मंडल शूटिंग कोच सनी कुमार वर्मा ने बताया यूपी से अब यूपी पुलिस की शूटिंग की एक अच्छी टीम तैयार हो गई है या अच्छे भविष्य की शुभकामनाएं हैं सारे खिलाड़ी भवदीय शूटिंग रेंज अयोध्या के हैं इस मौके पर एसपी सिटी मधुबन सिंह जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि अयोध्या मंडल को इतने मेडल प्राप्त हुए सबसे बड़ी बात कि यूपी पुलिस से अयोध्या को 6 मेडल प्राप्त हुए डॉक्टर अवधेश कुमार वर्मा ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## अपमानजनक टिप्पणी में राहुल गांधी को मिली सजा का भाजपाईयों ने किया स्वागत

अयोध्या(डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। मानहानि के मामले में कोर्ट से दो साल की सजा मिलने के बाद राहुल गांधी की संसद की सदस्यता भी चली गयी। जिसको लेकर भाजपा महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा का कहना है कि राहुल गांधी ने चार साल पहले पिछड़ा समाज के खिलाफ सार्वजनिक रूप से जो अपमानजनक बातें की थी। उन्होंने पिछड़ा समाज को चोर बताया था। उस संदर्भ में अदालत ने उन्हें जो सजा सुनाई है, हम उसका स्वागत करते हैं। उन्होने कहा कि अदालत का फैसला यह दर्शाता है कि देश का कानून और देश का संविधान सबसे ऊपर है और उसकी नजर में देश के सभी नागरिक समान हैं। अदालत का निर्णय यह भी सिद्ध करता है कि चाहे कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, यदि उसने अपराध किया है तो उसे सजा जरूर मिलेगी। राहुल गांधी ने पिछड़ों के बारे में जो अनर्गल और आपत्तिजनक बातें की थी, उसकी हम सब ने तब भी निंदा की थी, आज भी निंदा कर रहे हैं। अदालत द्वारा सजा सुनाने के बावजूद जिस तरह से राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के नेता उन अपमानजनक बातों को सही ठहरा रहे हैं। वह बताने के लिए काफी है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं की मंशा क्या है और ओबीसी समाज के बारे में उनकी सोच क्या है।

### कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही आज करेंगे सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। डा. भीमराव अम्बेडकर राज्य क्रीड़ा संस्थान मकबरा स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव का उद्घाटन कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही शनिवार को दोपहर 3 बजें करेंगे। इस दौरान सांसद लल्लू सिंह भी उपस्थित रहेंगे। 25 से 29 मार्च तक इसका आयोजन किया जायेगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने अन्य सदस्यों के साथ आयोजन स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इससे पहले लोकसभा क्षेत्र अयोध्या में 11 जनवरी से लेकर 18 फरवरी के बीच सभी ब्लाकों में विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ था। जिसकी विजेता व उपविजेता टीम इसमें प्रतिभाग करेंगी। आयोजन सचिव ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के सभी 12 ब्लाकों में कबड्डी, खोखो व वालीबाल जैसे खेलों का आयोजन हुआ था। महानगर के तीनों मंडलों में क्रिकेट की प्रतियोगिता हुई थी। जिसमें करीब 13 हजार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। जिनकी विजेता व उपविजेता टीमें अब आयोजित महोत्सव में प्रतिभाग करेंगी। महोत्सव का समापन उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के द्वारा किया जायेगा। महोत्सव में दौड़, उंची कूद, लम्बी कूद और अन्य खेलों का आयोजन भी होगा। निरीक्षण के दौरान कमलाशंकर पाण्डेय, अनूप दूबे, शिक्षक नेता विश्वनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास सिंह, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

## फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा पीएचसी सराय धनेठी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर के अधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सराय धनेठी फार्मासिस्ट के सहारे चल रहा है। पीएचसी पर चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारियों की तैनाती के बावजूद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर से उनका मोहभंग होने का नाम नहीं ले रहा है। यही नहीं इन बेलगाम चिकित्सक तथा स्वास्थ्य कर्मियों की नजर में सीएमओ का आदेश भी बौना बना हुआ है। बता दें कि मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र की सीमा पर स्थित ग्राम पंचायत सराय धनेठी अंतर्गत पूरे शिव बक्स पांडे में बीते 20 दिसंबर 2016 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किया गया था। उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एक करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से निर्मित हुआ था। अस्पताल पर वर्तमान में डॉ मनोज वर्मा एवं फार्मेसिस्ट गंगोत्री प्रसाद, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दुर्गा प्रसाद यादव तथा अभय शंकर द्विवेदी एवं स्वीपर मायाराम की तैनाती है। पीएचसी पर डॉक्टर सहित अन्य स्टाफ की तैनाती होने के बावजूद भी मात्र फार्मासिस्ट एवं स्वीपर के सहारे अस्पताल चल रहा है। पीएचसी पर डॉक्टर सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं न मिलने के चलते मरीजों को 15 किलोमीटर दूर सीएचसी का सफर तय करना पड़ता है। कई बार सीएचसी के औचक निरीक्षण में पहुंचे सीएमओ डॉ अजय राजा को पीएचसी पर तैनात डॉक्टर सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी सीएचसी पर ही मौजूद मिले थे जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डॉ सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को अपने मूल तैनाती अस्पताल पर ही सेवाएं देने का निर्देश आदेश जारी किया था। किंतु सीएमओ के आदेश का भी अनुपालन करना बेलगाम एवं मन बढ़ चिकित्सक डॉ मनोज वर्मा और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दुर्गा प्रसाद तथा अभय शंकर द्विवेदी सहित अन्य कर्मी भूल गए। पीएचसी पर स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती के बावजूद भी उनके न मौजूद होने के संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ अहमद हसन किदवई ने कहा कि हम डॉक्टर का नंबर दे देते हैं उन्हीं से पूछ लीजिए। अधीक्षक ने बाद में बताया कि पता करते हैं, वह अस्पताल क्यों नहीं जा रहे हैं। इस प्रकार से प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक भले ही अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य गर्मियों में जान फूंकने का काम कर रहे हो लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पर विगत 10 वर्षों से तैनात अधीक्षक के कान में जूं नहीं रेंग रही है और वह अपनी राग में मस्त हैं।

## रौजागाँव चीनी मिल ने किया 23 मार्च 2023 तक का गन्ना मूल्य भुगतान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, इकाई – रौजागांव , जिला अयोध्या द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2022–23 में दिनांक 23 मार्च 2023 तक क्रय किए गए गन्ने का गन्ना मूल्य 8.06 करोड़ रुपए का भुगतान दिनांक 23–03–2023 को कर दिया गया है, तथा किसानों का गन्ना मूल्य किसानों के संबंधित बैंक खाते में भेज दिया गया है। चीनी मिल के यूनिट हैड सुधीर कुमार ने किसानों से अपील की वे मिल को साफ–सुथरा, जड़, मिट्टी, अगोला, पत्ती रहित ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें। इस मौके पर यूनिट हैड सुधीर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रौजागाँव चीनी मिल किसानो का गन्ना मूल्य भुगतान साप्ताहिक रूप से समय से कर रही है तथा चीनी मिल परिसर मे किसानो के लिए सभी मूलभूत सुविधाए की समुचित व्यवस्था है। साथ ही यूनिट हेड के द्वारा किसानों से अपील की गई कि गन्ना प्रजाति Co0238 में लाल सड़न रोग का भयंकर प्रकोप हो जाने के कारण उक्त प्रजाति खेती के योग्य नहीं रह गई है अतः सभी किसान भाई चीनी मिल के स्टाफ से सम्पर्क कर गन्ने की नई प्रजाति ब्व15023, ब्व0118 की बुवाई अपलैण्ड में एवं ब्वस14201 की बुवाई जलभराव वाले क्षेत्रों में अधिक से अधिक क्षेत्र फल में करें। इस मौके पर इकबाल सिंह महाप्रबंधक गन्ना ने किसान भाइयो से अनुरोध किया कि किसान भाई, बसंतकालीन गन्ना बुवाई हेतु स्वस्थ गन्ना प्रजाति का गन्ना बीज Co. 15023, Co. 0118 & CoLk14201 अपने क्षेत्र के सुपरवाइजर से मिल कर शीघ्रता के साथ सुरक्षित करा लें जिससे कि ससमय बुवाई हो सके। साथ ही किसान भाईयों से अनुरोध है कि गन्ने की फसल में कटाई ( हार्वेस्टिंग) से 10 दिन पहले एक (01) सिचाई अवश्य कराए जिससे गन्ने के वजन में किसी प्रकार का कमी नहीं आएगी एवं उसकी पेडी में भी बहुत अच्छा फुटाव होगा। इसके साथ ही अच्छी पेड़ी की पैदावार लेने के लिए पेड़ी प्रबंधन यंत्र (RMD) या ट्रेश मलचर का प्रयोग करने के साथ साथ ठूंठों पर ईथाफोन का छिड़काव अवश्य करें जिससे कि पेड़ी का फुटाव अच्छा हो। इसी क्रम में महाप्रबन्धक गन्ना के द्वारा गन्ने की फसल में लगने वाले चोटी बेधक कीट(टाप बोरर) जिसकी तितली चमकदार सफेद रंग की होती है और सुबह के समय गन्ने की पत्तियों पर बैठी दिखाई पड़ती है उसके नियंत्रण हेतु रात्रि में खेतों के पास प्रकाश की व्यवस्था करके नीचे टब या किसी बर्तन में पानी रखने हेतु बताया गया जिससे टाप बोरर की तितली को खत्म किया जा सके इसके साथ ही सभी किसान भाई बलराम एप का नया वर्जन गूगल प्ले स्टोर से डाउन.लोड कर खेती, पर्ची, भुगतान आदि से संबन्धित समस्त सूचना प्राप्त करने के साथ साथ अपनी समस्या का निस्तारण /प्रशनों का उत्तर प्राप्त कर सकते है।

## प्रभु झूलेलाल जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रभु झूलेलाल जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शोभायात्रा में अमृत राजपाल ने सभी को बधाई देते हुए सभी के तरक्की उन्नति की कामना की और गुप्तारघाट पर सभी ने सामूहिक पल्लव अरदास की। पूर्व राज्यमंत्री( दर्जा प्राप्त) अमृत राजपाल ने चेटीचंड की बधाई देते हुए की कहा कि सिंधी समाज के स्वाभिमान का प्रतीक प्रभु झूलेलाल (चेटीचंड) जयंती पर श्रद्धेय नेता जी ने मुख्यमंत्री रहते चेटीचंड पर राजकीय अवकाश घोषित कर सिंधी समाज का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया था और पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव की सरकार में भी राजकीय अवकाश घोषित था लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार में चेटीचंड का अवकाश 2017 से निरस्त करके सिंधी समाज की छल व अनदेखी करने का कार्य किया है। राजपाल ने चेटीचंड की अवकाश को बहाल करने की मांग की।

### सफाई व प्रकाश व्यवस्था के लिए निवर्तमान सभासद प्रतिनिधि ने दिया मांग पत्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रूदौली नगर की सफाई व विद्युत समस्या को लेकर निवर्तमान सभासद प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों को मांग दिया दिया है। निवर्तमान सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद मुमताज ने मांग पत्र में कहा है कि नगर पालिका परिषद रुदौली के विभिन्न वार्डों में पवित्र रमजान को लेकर सफाई व्यवस्था व प्रकाश व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है।नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था सही ढंग से नहीं हो रही है।कर्मचारी अपनी मनमानी कर रहे हैं मस्जिदों के आसपास नाली की सफाई नहीं की गई है।कूड़े का ढेर भी नहीं हटाया गया है।कूड़ा जैसे का तैसे लगा हुआ है।वार्डों में लगे डस्टबिन भरने के बाद महीनों तक नहीं उठाए जाते हैं।नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।दूरभाष के माध्यम से प्रकाश व्यवस्था के बारे में कई बार बातचीत की गई परंतु आज तक वार्डों में प्रकाश व्यवस्था नहीं दुरुस्त कराई गई।वार्ड में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट कर्मचारी नगर पालिका के वार्ड में नहीं देख रहे हैं जिससे रमजान माह में रोजेदारों को काफी दिक्कत होगी।नगर पालिका के बिजली मिस्त्री बैठकर तनख्वाह ले रहे हैं।वार्ड में प्रकाश व्यवस्था ठीक नहीं कर रहे हैं। सामान की कमी बताकर टालमटोल करते हैं।रमजान के पहले सफाई व्यवस्था पर प्रकाश व्यवस्था जगह–जगह लगे कूड़ों के ढेर की जांच करा कर हटवाया जाए।

## भ्रष्टाचारी सदर तहसील का कानूनगो 8000 घूस लेते गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) एंटी करप्शन की टीम ने 8000 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए सदर तहसील के कानूनगो विजय मिश्रा को घूस लेते हुए गोसाईगंज क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है और विजिलेंस कार्यालय में उनसे पूछताछ चल रही है इस तरह से पूरे जिले में राजस्व विभाग की सभी तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर है और कम होने का नाम नहीं ले रहा है जबकि मुख्यमंत्री की प्रथम प्राथमिकता में जीरो टॉलरेंस है तुरंत यह मातृ भाषणों में ही रह गया है धरातल पर यह कहीं नहीं दिखाई पड़ रहा है ओए पर कुछ दिन पूर्व एक दाखिल खारिज के मामले में शिकायत पर मसौधा क्षेत्र के लेखपाल दिनेश चौरसिया को एक हकबरारी के मामले मे नाप जोख करने के लिए 3000 घूस लेने के मामले में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। कैंट थाने में एफ आई आर दर्ज है। एसडीएम सोहावल ने भी लेखपाल के पकड़े जाने की पुष्टि की है इसके पूर्व सोहावल तहसील के कानूनगो नरसिंह नारायण लाल श्रीवास्तव को एक हक बरारी के मामले में 4000 घूस लेने के मामले में एंटी करप्शन ने रंगे हाथ पकड़ कर जेल भेज दिया था। इन सबके लिए जिम्मेदार अधिकारी सदर तहसील के तहसीलदार और सोहावल तहसील के तहसीलदार पवन कुमार गुप्ता सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। जबकि इनकी गड़बड़ कार्यों की लंबी चौड़ी शिकायतों की फेहरिस्त के आधार पर प्रदेश के न्याय प्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भाजपा के वरिष्ठ नेता बबलू मिश्रा ने शिकायत किया था।इसकी जांच रिपोर्ट भी शासन को प्रेषित की गई है। परंतु अभी तक वर्तमान तहसीलदार सुहावल सहित अन्य भ्रष्ट राजस्व अधिकारियों पर किसी तरह की कार्रवाई ना होने से यह अधिकारी बर्बाद हो गए हैं और इनको बचाने का कार्य जिले के जिम्मेदार अधिकारी कर रहे हैं जिनकी छत्रछाया में जिले की सदर सोहावल तहसील सहित पूरे जिले की सभी तहसीलो मे भ्रष्टाचार चरम पर है और जनता त्राहि–त्राहि कर रही है परंतु इन भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाम नहीं लग पा रही और यह तहसील में जमे हुए राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जनता का लगातार शोषण करके अपनी जेब भर रहे हैं । इनकी संपत्ति की जांच होने पर उनकी उसे कल खुल जाएगी।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।